दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़,मंगलवार 04 फरवरी 2020 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 127

# छत्तीसगढ़ के युवा हुनर के धागे से बुन रहे जिंदगी का ताना बाना

**नई दिल्ली (आरएनएस)। फैशन और आधुनिकता की दौड़ में जहां आज बुनकरी की कला खतरे में है, वहीं छत्तीसगढ़ के युवा अपने हुनर को तराश कर इसे सहेजने में लगे हैं। ये युवा बुनकरी का कौशल सीख कर अपने उज्जवल भविष्य के सपनों का ताना बाना बुन रहे हैं।**



» बुनकरी का कौशल सीख बचा रहे नायाब कला

छत्तीसगढ़ के युवाओं के बनाए कपड़ों की प्रदर्शनी नई दिल्ली के आरके खन्ना टेनिस स्टेडियम में लगाई गयी है, जहां लोग इनकी बुनकरी को काफी पसंद कर रहे हैं। प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ के राजनांदगाँव, बिलासपुर, जांजगीर चांपा और बालोद जिले के चार युवा अपने उत्पादों के साथ शामिल हुये हैं। गौरतलब है कि संस्था श्रूमेन वीवश् के माध्यम के छत्तीसगढ़ के युवा हथकरघा उद्योग के विभिन्न पहलुओं के संबंध में आधुनिकतम प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं और अपने कौशल से आर्थिक रूप से सक्षम होने के साथ ही बुनकरी की कला को सहेज रहे हैं। बिलासपुर से आये उमाकांत साहू ने बताया कि उनके घर में सभी लोग खेती-किसानी के व्यवसाय से जुड़े हुये हैं। उन्होने अपनी रुचि के आधार पर बुनकरी का प्रशिक्षण प्राप्त किया है और अब रोजगार के रूप में अपनाया है। वहीं बालोद जिले से आए पवित्र कुमार की माँ सोसायटी के माध्यम से बुनकरी से जुड़ी हुई हैं। वे प्रशिक्षण प्राप्त कर नई-नई डिजाइन बनाने में अपनी माँ की मदद कर करते हैं। जांजगीर चांपा से आए आशीष देवांगन के पिता कृषक हैं, वे अपने घर के पहले व्यक्ति हैं जिन्होंने बुनकरी को व्यवसाय के तौर पर शुरू किया है। राजनांदगाँव के सूरज पटेल की भी रुचि दस्तकारी में रही है और वे अब ताने बाने पर अपना हुनर दिखा रहे हैं। प्रदर्शनी में युवा कई तरह के कपड़े लेकर आए हैं, जिसमें कोसे की साड़ी, शर्ट के कपड़े, होम डेकोरेशन के आइटम हैं। युवाओं ने बताया कि बारीक बुनकरी से तैयार साड़ियों को बनाने में 6 से 7 दिन लगते हैं। वहीं, शर्ट के कपड़े 3 से 4 दिन में तैयार हो जाते हैं।

## सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सीएए, एनपीआर और एनआरसी पर हंगामा

**» विपक्षी बोले- गोली मारना बंद करो**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** शुक्रवार राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ ही संसद का बजट सत्र शुरू हो गया था। इसके बाद शनिवार को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट पेश किया। बजट पेश होने के बाद आज संसद की कार्यवाही का पहला दिन है। संसद में आज राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होनी है। सदन की कार्यवाही के शुरू होते ही विपक्ष ने शाहीन बाग, जामिया हिंसा, सीएए, एनआरसी को लेकर हंगामा किया।



लोकसभा शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने दिल्ली के जामिया और शाहीन बाग में हुई गोलीबारी के विरोध में नारा लगना शुरू कर दिया। विपक्षी सांसदों ने नारे लगाते हुए कहा- गोली मारना बंद करो, देश तोड़ना बंद करो। बता दें कि पिछले एक हफ्ते के दौरान शाहीन बाग और उसके आसपास गोलीबारी की तीन घटनाएं हुई है।

इस बीच राज्यसभा की कार्यवाही को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। बता दें कि कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, वाम दलों, राष्ट्रीय जनता दल और कुछ अन्य दल पहले ही सीएए, एनपीआर और एनआरसी पर तत्काल चर्चा की मांग लेकर राज्यसभा में स्थगन प्रस्ताव दे चुके हैं। कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दल लोकसभा में भी स्थगन प्रस्ताव देने को तैयार हैं। सूत्रों के मुताबिक विपक्षी दल दोनों सदनों में सीएए, एनपीआर और एनआरसी पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। विपक्ष ने संसद द्वारा पारित सीएए को असंवैधानिक करार देते हुए इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### रूटीन चेकअप के लिए गंगाराम में भर्ती हुई हैं सोनिया

**» आज जारी होगा मेडिकल बुलेटिन**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी रविवार को गंगाराम अस्पताल में रूटीन चेकअप के लिए भर्ती हुई। यह जानकारी सूत्रों ने सोमवार को दी। उनका रूटीन चेकअप पूरा हो चुका है, ऐसे में अस्पताल सोमवार शाम तक उनका मेडिकल बुलेटिन जारी कर सकता है। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि वह अभी भी अस्पताल में हैं। उनके साथ राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा भी अस्पताल में मौजूद हैं। सोनिया गांधी को अस्थमा की समस्या है और ठंड के दौरान उनकी समस्या बढ़ जाती है। अतीत में भी उन्हें इस परेशानी का सामना करना पड़ा है।

### सांसद हेगड़े के बिगड़ैल बोल से भाजपा असहज

**» गांधी के स्वतंत्रता संग्राम को बताया था ड्रामा**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** संसद के बजट सत्र के जारी रहते सांसद अनंत हेगड़े के महात्मा गांधी के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी ने भाजपा को असहज कर दिया है। पार्टी नेतृत्व ने हेगड़े को कड़ी फटकार लगाते हुए उन्हें सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने का निर्देश दिया है। माना जा रहा है कि हमलावर विपक्ष को शांत करने के लिए हेगड़े मंगलवार को लोकसभा में माफी मांगेंगे। गौरतलब है कि हेगड़े ने महात्मा गांधी के स्वतंत्रता संग्राम को ड्रामा बताते हुए उन्हें महात्मा और राष्ट्रपति कहे जाने पर सवाल किया था।

### दिल्ली आने वालीं 13 ट्रेनें 1 से 4 घंटे तक लेट

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली आने वालीं 13 ट्रेनें 1 से 4 घंटे तक लेट बताई बताई जा रही हैं। सबसे ज्यादा लेट नई दिल्ली-महाबोधि एक्सप्रेस है जो 4 घंटे की देरी से दिल्ली पहुंच रही है। इसके अलावा, पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस 3 घंटे, रीवा-आनंद विहार रीवा एक्सप्रेस 1 घंटे, हावड़ा-नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस 1 घंटे, आनंद विहार-विक्रमशिला एक्सप्रेस 1 घंटे 30 मिनट, सिंगरौली-निजामुद्दीन एक्सप्रेस 2 घंटे 30 मिनट, वास्को-निजामुद्दीन गोवा एक्सप्रेस 1 घंटे 30 मिनट लेट हैं।

### रक्षा मंत्रालय में दो लाख से ज्यादा पद खाली

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सरकार ने सोमवार को संसद में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में बताया कि रक्षा मंत्रालय में वर्तमान में दो लाख से ज्यादा पद रिक्त हैं। रक्षा मंत्रालय ने स्वीकार किया कि उनके विभाग में दो लाख से अधिक पद रिक्त हैं। रक्षा राज्य मंत्री श्रीपाद यसो नाइक ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रक्षा मंत्रालय में 2,39,740 पद, रिक्त पड़े हैं जिनमें से 3782 पद, समूह क के, 34,289 पद, समूह ख के और 2,01,669 अन्य पद हैं।

### एआईएडीएमके से निष्कासित सांसद शशिकला बीजेपी में हुईं शामिल

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** तमिलनाडु से राज्यसभा सदस्य शशिकला पुष्पा बीजेपी के राष्ट्रीय सचिव पी. मुरलीधर राव और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. राधाकृष्णन की मौजूदगी में रविवार को सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हो गई. उन्हें 2016 में अन्नाद्रमुक से निष्कासित किया गया था।

### गांधी पर अनंत के बयान से भाजपा नाराज

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कर्नाटक के उत्तरी कन्नड़ लोकसभा सीट से भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनंत हेगड़े के विवादित बयान से भाजपा नाराज है। सूत्रों के अनुसार पार्टी ने उन्हें बिना शर्त माफी मांगने के लिए कहा है।

## 30 करोड़ ने कराया अपने पैन कार्ड को आधार से लिंक!

**सरकार ने संसद में बताया क्यों जरूरी हैं ऐसा करना**



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मोदी सरकार ने 27 जनवरी 2020 तक 30 करोड़, 75 लाख 2 हजार 824 लोगों का पैनकार्ड आधार के साथ लिंक करवाने में सफलता हासिल कर ली है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में इस बात की जानकारी लोकसभा में दी है। उन्होंने बताया हैं कि पैन को आधार से जोड़ने का मकसद डुप्लीकेट पैन को छांटकर असली की पहचान करना है। संसद को बताया कि सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज ने आधार और पैन कार्ड को लिंक करने की अंतिम तारीख बढ़ाकर 31 मार्च 2020 कर दी है. इसके पहले यह तारीख 31 दिसंबर 2019 थी। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने संसद को बताया हैं कि 24 जनवरी 2020 तक 85 फीसदी सेविंग और करंट बैंक खातों को आधार से लिंक किया जा चुका हैं। वहीं 31 दिसंबर 2019 तक एनसीपीआइर की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक 59.15 करोड़ रुपे कार्ड बैकों ने जारी किए है। सरकार ने बताया कि पेन कार्ड से लिंक करवाने की प्रक्रिया पैन के दुरुपयोग और संभावित टैक्स जालसाजी को रोकने के लिए जरूरी है। वहीं ऐसा न करने पर मल्टीपल पैन कार्ड बनना भी बंद हो जाएगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को भेजा नोटिस

**» बोरवेल में गिरकर बच्चों की मौत का मामला**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उच्चतनम न्यायालय ने सोमवार को केंद्र और राज्य सरकारो को नोटिस जारी है। यह नोटिस लगातार बोरवेल में गिरने से बच्चों की मौत और इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए अधिकारियों की लापरवाही के खिलाफ दायर याचिका पर दिया गया है।

## भारत अपने आंतरिक मामलों में बाहरी हस्तक्षेप स्वीकार नहीं करेगा:नायडू



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुये पाकिस्तान का नाम लिये बिना सोमवार को कहा कि भारत का एक पड़ोसी देश, आतंकवाद को उकसाता है। भारत अपने आंतरिक मामलों में बाहरी हस्तक्षेप स्वीकार नहीं करेगा।

नायडू ने सामाजिक संगठन 'इंडिया फाउंडेशन' द्वारा आयोजित 'कौटिल्य फैलोशिप प्रोग्राम' के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित क्षेत्रों, जम्मू कश्मीर तथा लद्दाख, में विभक्त करना क्षेत्र के तीव्र विकास के लिए आवश्यक था। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत अपने पड़ोसियों और शेष विश्व समुदाय के साथ शांतिपूर्ण सह अस्तित्व का आकांक्षी रहा है। यद्यपि हमारे पड़ोसियों में से एक, भारत के विरुद्ध ही आतंकवाद को उकसाता है, प्रायोजित करता है, शरण देता रहा है और आतंकवादियों को धन सहित हर तरह की सहायता देता रहा है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद पूरी मानवता का दुश्मन है और उसका किसी धर्म से कोई लेना देना नहीं है, धर्म को आतंकवाद के साथ मिलाना समस्या पैदा करता है। आतंकवाद के मुद्दे पर नायडू ने विश्व समुदाय और संयुक्त राष्ट्र सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से आग्रह किया कि वे भारत द्वारा 1996 में प्रस्तावित 'कॉम्प्रिहेंसिव कन्वेंशन ऑन इंटरनेशनल टेररिज्म' के मसौदे पर अपना विचार विमर्श शीघ्र पूरा करें।

## विपक्ष वोट बैंक की राजनीति के लिए खड़ी कर रहा है समस्याएंः भाजपा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भाजपा ने कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दलों पर वोट बैंक की राजनीति करने और जनादेश का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्षी पार्टियां अनुच्छेद 370, 35ए, दिल्ली की अनधिकृति कालोनियों से जुड़ी समस्याएं खड़ी करती हैं जबकि मोदी सरकार इन समस्याओं का सामाधान निकालने के साथ नये एवं मजबूत भारत का निर्माण करने में लगी हुई है।



संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा की शुरूआत करते हुए भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा ने कहा कि हमारे देश का संविधान सर्वोपरि है, लेकिन यही संविधान लोगों के जनादेश को भी सर्वोपरि बताता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार सभी धर्म और प्रांतों की सरकार है और सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के आधार पर काम करती है। वर्मा ने मोदी सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी सरकार एक तरफ एक तरफ डिजिटल इंडिया को आगे बढ़ा रही है तो दूसरी तरफ कृषि एवं किसानों को मजबूत बना रही है। एक तरफ स्मार्ट शहर बना रही है तो दूसरी तरफ दिल्ली की अनधिकृत कालोनियों के लोगों को मालिकाना हक दे रही है। एक तरफ राम मंदिर की दिशा में पहल कर रही है तो दूसरी ओर गरीबों के घर में शौचालय बनाने, अल्पसंख्यकों के लिए हज कोटे में वृद्धि और हुनर हाट का काम कर रही है। भाजपा सांसद ने कहा कि हमारी सरकार एक तरफ कल्याण योजनाओं को आगे बढ़ा रही है।

## दिल्ली में 2 किमी तक ट्रैफिक सिपाही को बोनट पर बिठा भगाता रहा कार

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कागजातों की जांच से बचने के लिए भागा एक युवक बोनट पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी को बैठाकर अंधाधुंध गति से कार को दो किलोमीटर तक दौड़ाता रहा। बेखौफ आरोपी का दोस्त रूह कंपा देने वाले तमाशे का बेधड़क होकर वीडियो बनाता रहा। रविवार को वीडियो वायरल हुआ तो दिल्ली पुलिस में बवाल मच गया। फिलहाल पीड़ित ट्रैफिक सिपाही से हकीकत मालूम करके मामले की जांच शुरू कर दी गई है। घटना बीते साल नवंबर की है। वीडियो मगर रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो वायरल होते ही सबसे पहले हड़कंप मचा दिल्ली ट्रैफिक पुलिस में। अभी तक जांच में जो कुछ तथ्य सामने आये उनके मुताबिक, वीडियो दिल्ली के नांगलोई चौक इलाके का है।



सड़क पर अंधाधुंध इधर-उधर दौड़ रही कार के बोनट पर जान बचाने को चीख-चिल्ला रहे सिपाही का नाम सुनील पता चला है। दिल्ली पुलिस के ही सूत्रों के मुताबिक, वीडियो में दिखाई दे रही कार को ट्रैफिक पुलिस वालों ने नांगलोई चौक पर जांच के लिए रोकना चाहा था।


## लुधियाना-सरहिंद नेशनल हाईवे पर तेजाब से भरा टैंकर पलटा

**» कई वहान आपस में टकराए**

**फतेहगढ़ साहिब (आरएनएस)।** लुधियाना सरहिंद नेशनल हाईवे पर आज भयानक हादसा देखने को मिला। यहां आज कोहरे के चलते तेजाब से भरा एक टैंकर सड़क पर पलट गया जिसके बाद लगातार 25 से 30 गाड़ियां आपस में टकरा गई। इस हादसे में एक ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई है। फायर ब्रिग्रेड की कई गाड़ियां मौके पर मौजूद है जो तेजाब के टैंकर से निकल रही कैमिकल के रिएक्शन को कम करने की कोशिश कर रही हैं। हादसे के बाद लुधियाना हाइवे पर अफरा-तफरी का माहौल है। एक यात्री बस भी दुर्घटनाग्रस्त हो गई है।

## नियंत्रण रेखा पर 8 महीने में संघर्ष विराम उल्लंघन की 2335 घटनाएंः केंद्र

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** संसद का बजट सत्र जारी है। सोमवार को सरकार ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में जवाब देते हुए बताया कि जम्मू क्षेत्र में नियंत्रण रेखा पर 30 मई 2019 से 20 जनवरी 2020 तक संघर्ष विराम उल्लंघन की 2335 घटनाएं हुई हैं, जिनमें आठ सैन्य कर्मी हताहत हुए हैं।




रक्षा राज्यमंत्री श्रीपाद यसो नाइक ने राज्यसभा में यह जानकारी एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी। उन्होंने बताया कि जम्मू क्षेत्र में भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 30 मई 2019 से 15 जनवरी 2020 तक सीमा पर गोलीबारी की 177 घटनाएं हुई। ऐसी घटनाओं से निटपने के लिए सशस्त्र बलों की जरुरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त बजट का प्रावधान किया जाता है। सियाचिन में हिमपात की वजह से छह सैन्यकर्मी हताहत हुए रक्षा राज्य मंत्री श्रीपाद यसो नाइक ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि सियाचिन क्षेत्र में हिमपात और हिमस्खलन की वजह से साल 2019 में छह सैन्यकर्मी हताहत हुए। उन्होंने बताया कि सियाचिन क्षेत्र में हिमपात और हिमस्खलन की वजह से साल 2019 में छह सैन्यकर्मी हताहत हुए। लेकिन इस वर्ष 24 जनवरी 2020 तक ऐसी कोई दुर्घटना नहीं हुई है।

## सुप्रीम कोर्ट की 9 सदस्यों की संवैधानिक पीठ गुरुवार को करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केरल के सबरीमाला समेत विभिन्न धर्मो और धार्मिक स्थलों में महिलाओं के खिलाफ हो रहे भेदभाव के बारे में चर्चा के लिए अब सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को मुद्दे तय करेगा।

सुप्रीम कोर्ट की नौ सदस्यीय संवैधानिक पीठ मस्जिदों में महिलाओं के प्रवेश, दाउदी बोहरा मुस्लिम समुदाय में महिलाओं का खतना और गैर-पारसी पुरूषों से शादी कर चुकी पारसी महिलाओं के पवित्र अग्नि स्थल में प्रवेश पर रोक से संबंधित मुद्दों पर विचार करेगी। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबड़े के अलावा, पीठ में न्यायमूर्ति आर भानुमति, न्यायमूर्ति अशोक भूषण, न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति एम एम शांतनगौदार, न्यायमूर्ति एस ए नजीर, न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्याकांत शामिल हैं।



» सबरीमाला मामला

शीर्ष न्यायालय ने 13 जनवरी को चार वरिष्ठ वकीलों से कहा था कि वे इस विषय में चर्चा किए जाने वाले मुद्दों पर फैसले के लिए एक बैठक आयोजित करें। पिछले साल 14 नवंबर को वृहद पीठ के पास इस मामले को भेजते हुए पांच न्यायाधीशों की पीठ ने कहा था कि उपासना स्थल पर महिलाओं और लड़कियों के प्रवेश पर पाबंदी जैसे धार्मिक रीति रिवाजों की संवैधानिक वैधता पर बहस सिर्फ सबरीमला तक सीमित नहीं है। पीठ ने कहा था कि ऐसी पाबंदियां मस्जिदों और दरगाहों में महिलाओं के प्रवेश, गैर पारसियों से शादी करने वाली पारसी महिलाओं के पवित्र अग्नि स्थल में प्रवेश को लेकर भी हैं।